# Dainik Bhaskar

केंद्र ने गुजरात, केरल और झारखंड से राजस्थान को कम दिए आईपीएस

जयपुर.प्रदेश में आईपीएस अफसरों की कमी के बावजूद इस बार भी केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राजस्थान को सिर्फ चार आईपीएस दिए हैं। जो पिछली बार से एक कम हैं। इनमें भी राज्य से सलेक्ट सिर्फ एक आईपीएस को प्रदेश में काम करने का मौका मिलेगा। तीन आईपीएस दूसरे राज्यों से होंगे।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सिविल सेवा परीक्षा-2015 में सलेक्ट 150 आईपीएस को भरी जाने वाली वैकेंसी की सूची जारी कर दी है। सलेक्ट आईपीएस को राज्य अलॉट जल्द किए जाने की संभावना है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी सूची में गुजरात-झारखंड को पांच-पांच, केरल को छ्ह, मणिपुर-कर्नाटक को सात-सात और मध्य प्रदेश को नौ आईपीएस दिए गए हैं। सबसे अधिक 21 आईपीएस उत्तर प्रदेश और दूसरे नंबर पर 15 आईपीएस पश्चिम बंगाल को दिए गए हैं। राजस्थान को सिर्फ चार आईपीएस दिए गए हैं, जो इन सब राज्यों में सबसे कम हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2014 में सलेक्ट आईपीएस में से राजस्थान को पांच आईपीएस अलॉट किए गए थे।

प्रदेश में 27 आईपीएस की कमी

राज्य में भारतीय पुलिस सेवा के कैडर में 215 अफसर हैं। इनमें 150 पोस्ट सीधी भर्ती से भरे जाने वाले हैं। जबकि, 65 पोस्ट, राजस्थान पुलिस सेवा से प्रमोट होने वाले अफसरों के लिए रिजर्व हैं। वर्तमान में प्रदेश में 188 आईपीएस अफसर ही हैं। इनमें 130 सीधी भर्ती और 58 राज्य सेवा से प्रमोट किए गए शामिल हैं। प्रदेश में रिक्त आईपीएस की 27 पोस्ट में 20 सीधी भर्ती से भरे जाने वाले हैं।

रिक्त स्थान अगले साल भरेंगे

आईपीएस में 65 पोस्ट राजस्थान पुलिस सेवा के अफसरों के प्रमोशन से भरी जाती है। वर्ष 2016 में रिटायर होने वाले प्रमोटी अफसरों की जगह वर्ष 2017 में प्रमोशन के जरिए भर दी जाएगी।